सारस्वत समूह गान

अब एक धाम है, एक लक्ष्य है, एक ही है आधार
अब एक धाम है एक लक्ष्य है एक ही है आधार - २
गुरुशक्ति से बँधे हैं हम सब - २
बाँटें निर्मल प्यार
हम सारस्वत परिवार - ४

दूर हुआ दुर्मति का अँधेरा हृदय कमल में जगा सबेरा - २
साधना क्रम के नित नव रंग में झूम उठा संसार - १
हम सारस्वत परिवार - २

भाषा जो भी क्यों न हो, बोलेंगे हम प्रेम की बोली - २
श्री गुरु ने हमें आश्रित करके कर्मों की गठरी जो ढो ली - २
नामस्मरण की नाव पे चढ़कर चलेंगे अब उस पार - १
हम सारस्वत परिवार - २

है यह घनिष्ठ पुराना नाता शिवजी पिता हैं शक्ति माता
श्रद्धा भक्ति से गुरु हाथों सौंप जो दी पतवार - २
उन्हीं के अनुग्रह से पहुँचेंगे हम मुक्ति के द्वार - १
हम सारस्वत परिवार - २
हम सारस्वत परिवार

Lyrics composed by Smt Shailajā Gāṅguly
Music composed by Smt Meerā Balsāver
Music Arranging by Shrī Kedār Paṇḍit

© Shrī Chitrāpur Math. All rights reserved
Published by Shrī Chitrāpur Math - Shirālī, Uttara Kannaḍa, Karnāṭaka, India 581354
www.chitrapurmath.net